हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

गुरुवार, 08 अक्तूबर 2020, *नगर/गाजियाबाद, पांच प्रदेश, 21 संस्करण

www.livehindustan.com

जेवर एयरपोर्ट पूरी तरह से डिजिटल होगा

ग्रेटर नोएडा | **सुनील पाण्डेय**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर एविएशन इंडस्ट्री की नई पीढ़ी का शानदार उदाहरण होगा। एयरपोर्ट पूरी तरह से डिजिटल होगा। साथ ही, यह देश का पहला एयरपोर्ट होगा, जिसमें एक ही टर्मिनल से प्रवेश और निकास की व्यवस्था होगी। पर्यावरण का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। यहां रिन्यूएबल एनर्जी का इस्तेमाल किया जाएगा। भूमिगत जल का इस्तेमाल कम होगा।

स्विट्जरलैंड की तकनीक : जेवर एयरपोर्ट डिजिटल संसाधनों से संचालित होगा। इसमें स्विट्जरलैंड की तकनीक देखने को मिलेगी। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने बताया कि एयरपोर्ट के निर्माण में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा ताकि प्रदूषण न हो।

भूमिगत जल का इस्तेमाल कम : उन्होंने बताया कि निर्माण के अलावा संचालन में पूरी तरह से पर्यावरण का ध्यान रखा जाएगा। यहां रिन्यूएबल एनर्जी का इस्तेमाल होगा। सौर ऊर्जा के बड़े प्लांट लगाए जाएंगे। भूमिगत जल का इस्तेमाल कम होगा। परियोजना के पास से कई नहरें निकल रही हैं। उनका पानी उपयोग किया जाएगा। › ब्योरा पेज 4

तकनीक पर खास जोर

एप से टिकट बुकिंग : यहां टिकट बुक करने से लेकर सफर पूरा करने तक सब कुछ मोबाइल से होगा। इसका अपना एप होगा और उससे यात्री टिकट बुक कर सकेंगे।

पेपर का इस्तेमाल नहीं : इस एयरपोर्ट पर यात्री सेवाओं में किसी भी जगह पेपर का उपयोग नहीं होगा और न ही प्रवेश या निकासी के समय किसी कर्मचारी की जरूरत पड़ेगी।

क्यूआर कोड से प्रवेश : यात्री को क्यूआर कोड मिल जाएगा। इसी क्यूआर कोड से प्रवेश गेट पर दिखाते ही वह स्कैन हो जाएगा और गेट खुल जाएगा। सफर के दौरान भी टिकट की जरूरत नहीं होगी।

कार्बन उत्सर्जन नहीं : निर्माण में ऐसे मेटल का उपयोग किया जाएगा, जिससे कार्बन का उत्सर्जन न हो। यह पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त होगा। वह इस योजना को लेकर उत्साहित हैं। इससे न केवल विकास होगा बल्कि आर्थिक भागीदारी भी बढ़ेगी।

एक ही टर्मिनल से प्रवेश व निकासी : जेवर एयरपोर्ट पर एक ही टर्मिनल से प्रवेश व निकासी की सुविधा मिलेगी। इससे यात्रियों की भागदौड़ बहुत कम हो जाएगी। उनके समय की बचत होगी।

यमुना प्राधिकरण के दफ्तर में बुधवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर के करार पर दस्तखत करने के बाद नियाल के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह और यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी के सीईओ किस्टोफ श्नेलमैन। ● हिन्दुस्तान